खंड–4 अंक–123 दिनांक– 01/03/2019

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

ईनामी नक्सली का आत्मसमर्पण

सीआरपीएफ और राज्य पुलिस द्वारा संचालित किए गए लगातार आपरेशनों की वजह से संथाल परगना में बलबीर महतो उर्फ विपुल उर्फ चरका उर्फ रोशन नाम के सक्रिय नक्सली नेता ने 07/02/2019 को पुलिस लाईन, गिरिडीह, झारखंड में आयोजित एक कार्यक्रम में उप महानिरीक्षक, हज़ारीबाग रेंज, राज्य पुलिस, डीडीसी एवं एसपी गिरिडीह, कमांडेंट 07 तथा 154 बटा सीआरपीएफ के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सली पर 25 लाख का ईनाम घोषित था।

परिचालनिक उपलब्धियां

24 फरवरी 2019 को 209 कोबरा और झारखंड पुलिस द्वारा एक संयुक्त आपरेशन का संचालन किया गया। आपरेशन के दौरान जवानों ने शीर्ष कमांडर गुज्जू गोप (10 लाख के ईनामी) सहित 3 नक्सलियों को मार गिराया और उनसे 07 हथियार (2 एके 47 सहित), जिंदा अम्यूनिशन, 8 मैगज़ीन और 2 वायरलैस सेट बरामद किए गए।

21/02/2019 को मजुराहा हिल्स, थाना पिपरा, जिला पलामू, झारखंड में 134 बटा सीआरपीएफ के जवानों ने राज्य पुलिस के साथ एक तलाशी अभियान का संचालन किया जिसमें एक गुफा से पोलिथिन शीट में लिपटी निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई :–

1. राइफल 315 बोर देसी सिंगल शॉट – 02
2. देसी गन सिंगल बैरल – 01
3. कैन/टिफिन बम – 04 (03 कि0ग्रा0 प्रत्येक)
4. वायरलैस सेट केनवुड बेटरी और चार्जर सहित – 01
5. जिलेटिन स्टिक्स – 32 (125 ग्राम प्रत्येक)
6. ट्रिपवायर, नक्सल सामग्री, पिठ्ठू बैग, पैक मेकअप बॉक्स इत्यादि।